दिनांक 02/09/2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मदर टेरेसा जोन क्षेत्र में नहीं होगी पानी की किल्लत , बढ़ेगा नलों में पानी का प्रेशर , जोन-3 स्थित पानी टंकी से हाउसिंग बोर्ड की सप्लाई लाइन को बंद करने अधिकारियों ने किया ग्राउंड वर्क

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जल प्रदाय व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं! इसी निर्देश के तहत जोन- 3 मदर टेरेसा क्षेत्र के वार्डों में पानी सप्लाई की समस्या बहुत जल्द दूर होगी। नगर पालिक निगम के अधिकारियों ने इस दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। सोमवार को अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों की टीम ने जोन- 3 चंद्रा मौर्या मदर टेरेसा नगर स्थित पानी टंकी की डिस्टीब्यूशन और सर्विस पाइप लाइन का निरीक्षण किया। अधीक्षण अभियंता ने अधिकारियों को मदर टेरेसा पानी टंकी से हाउसिंग बोर्ड स्थित टंकियों की सप्लाई लाइन को बंद कर जोन- 3 के वार्डों के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए प्रेशर बढ़ाने के निर्देश दिए! अमृत मिशन योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइप लाइन को पुरानी पाइप लाइन से आपस में इंटरकनेक्शन करने कहा, वाॅल्व को बंद करके प्रेशर चेक करने का कार्य किया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में इंटरकनेक्शन कार्य पूर्ण हो गया है! केम्प क्षेत्र में पानी सप्लाई को लेकर महापौर परिषद के सदस्य डाॅ दिवाकर भारती , पार्षद रिंकु राजेश प्रसाद से चर्चा किया। अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि पहले हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र की टंकियों को भरने के लिए मदर टेरेसा जोन कार्यालय स्थित टंकी के वाॅल्व से पानी को डायवर्ट करना पड़ता था। अब अमृत मिशन योजना के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड में निर्मित नई टंकी को नेहरू नगर स्थित 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट से पाइप लाइन के जरिए पानी सप्लाई कर भरा जा रहा है।